**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)**
**बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।**
**दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com**

जल सारथी

पत्रांक : 4177 / वि-3 / 34 दिनांक : 24 / 7 / 2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :– दिनांक 23.07.2026 को दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''बिलग्राम के म्योरा में पाइप लाइन के गढ्डे, सड़के बनी दलदल'' के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दिनांक 23.07.2026 को दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''बिलग्राम के म्योरा में पाइप लाइन के गढ्डे, सड़के बनी दलदल'' शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद–हरदोई के विकास खण्ड बिलग्राम की करेहका चौगवां ग्राम समूह पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत है:–

| बिन्दु | प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|---|
| 1. | हरदोई के बिलग्राम विकास खण्ड की ग्राम पंचायत म्योरा में ''जल जीवन मिशन'' के तहत बिछाई गई पाइप लाइन ग्रामीणों के लिये परेशानी का सबब बन गई है।<br>गांव की सड़को और गलियों में पाइप लाइन बिछाने के लिये खोदे गये गढ्डे को बिना भरे छोड़ दिया गया है, जिससे ये रास्ते दलदल में तब्दील हो गये हैं। इन गढ्डों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण आक्रोशित हैं।<br>ग्रामीणों के अनुसार 'हर घर जल' योजना के तहत गांव के मुख्य रास्तों और गलियों में खुदाई की गई थी। ठेकेदार ने पाइप लाइन तो बिछा दी, लेकिन उसके बाद सड़कों की मरम्मत कराने या गढ्डों को ठीक से भरने का काम अधूरा छोड़ दिया। | उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड बिलग्राम की करेहका चौगवां ग्राम समूह पेयजल योजना में ग्राम पंचायत म्योरा को सम्मिलित करते हुये, योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 837 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 22.795 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 831 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 22.507 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है।<br>शिकायत के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड बिलग्राम की करेहका चौगवां ग्राम समूह पेयजल योजना की ग्राम पंचायत म्योरा में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल पाइप लाइन का कार्य एच0डी0डी0 मशीन द्वारा कराया गया है, वर्तमान में ग्राम म्योरा के सी0सी0 रोड में पिट लगाकर पेयजल गृह संयोजन अधिष्ठापन का कार्य किया जा रहा है। पेयजल गृह संयोजन हेतु सी0सी0 रोड में किये गये गढ्डों की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य शीघ्रातिशीघ्र कर दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि बिलग्राम की करेहका चौगवां ग्राम समूह पेयजल योजना के समस्त मजरों में (नौरंगपुर एवं नयापुरवा |

| | | |
|---|---|---|
| | | को छोड़कर) क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है। |

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(मनीष गंगवार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) महोदय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
4. संबंधित सहायक अभियन्ता / अवर अभियन्ता।
5. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**